

दो चरणों में होगी जनगणना, मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई से

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 12 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने जिला जनगणना समन्वय समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जनगणना 2027 का कार्य दो चरणो में संपादित किया जायेगा। प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण का कार्य संपन्न होगा तथा द्वितीय चरण का कार्य फरवरी

33 बिन्दुओं पर एकत्रित की जाएगी जानकारी, जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित

2027 में संपन्न कराया जायेगा। जनगणना के लिए अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान जनगणना निदेशालय भोपाल से श्योपुर के जनगणना जिला प्रभारी सत्यप्रकाश, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, जिला योजना अधिकारी गिर्राज शर्मा, सहायक संचालक शिक्षा यश जैन, अन्वेषक राकेश निगम आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायें। जनगणना 2027 में स्व-गणना पोर्टल (एसई पोर्टल) एवं मोबाइल एप (एचएलओ एप) के माध्यम से आंकड़ों का संकलन किया जायेगा। इसी क्रम में मकान सूचीकरण ब्लॉक क्रिएटर (एचएलबीसी) वेब पोर्टल के माध्यम से मकान सूचीकरण ब्लॉक का सृजन किया जायेगा। जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली (सीएमएमएस) वेब पोर्टल के माध्यम से मैनेजमेंट एवं मॉनिटरिंग की जाएगी। जनगणना 2027 में खास बात यह है कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी। जनगणना प्रक्रिया में नागरिक स्वयं स्व-गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी भर सकते हैं। जनगणना के दौरान गणक के घर आने पर उन्हें यह जानकारी देनी होगी तब इस जानकारी को डिजिटल संकलित करेंगे।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री वर्मा ने बैठक में मकान सूचीकरण ब्लॉक के गठन, भवन नंबरिंग के दिशा-निर्देश देते हुए ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में ब्लॉक निर्धारण के मानदंडों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

जनगणना में 33 बिन्दुओं पर संकलित की जायेगी जानकारी : जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान

नागरिकों से 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान भवन नंबर, जनगणना मकान नंबर, मकान की दीवार, छत और फर्श में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग और स्थिति की जानकारी ली जाएगी। इसके साथ ही परिवार, परिवार में रहने वाले सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, सामाजिक वर्ग (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य) से संबंधित विवरण दर्ज किया जाएगा। जनगणना के दौरान पेयजल का मुख्य स्रोत, प्रकाश का स्रोत, शौचालय की उपलब्धता और उसका प्रकार, गंदे पानी की निकासी, रसोईघर एवं उसमें प्रयुक्त ईंधन की जानकारी भी ली जाएगी।

इसके अलावा घर में स्नानघर, एलपीजी, पीएनजी कनेक्शन, टेलीविजन, रेडियो, इंटरनेट सुविधा, कंप्यूटर, मोबाइल, स्मार्टफोन, साइकिल, स्कूटर, मोटर साइकिल, मोपेड, कार, जीप या वैन जैसी सुविधाओं और वाहनों की जानकारी भी शामिल है। परिवार द्वारा उपयोग किए जाने वाले मुख्य खाद्यान्न, परिवार में रहने वाले विवाहित दंपत्तियों की संख्या, परिवार के मुखिया का व्यवसाय तथा मकान के स्वामित्व की स्थिति से जुड़ी जानकारी भी जनगणना में दर्ज की जाएगी।

राजपत्र में स्पष्ट किया गया है कि जनगणना अधिनियम 1948 के तहत एकत्र की गई सभी व्यक्तिगत जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रहेंगी और किसी भी न्यायालय, जांच या अन्य प्रयोजन के लिए साक्ष्य के रूप में उपयोग नहीं की जा सकेंगी। डिजिटल माध्यम से जनगणना 2027 में यह समस्त जानकारी डिजिटल माध्यम से मोबाइल एप और पोर्टल के जरिए एकत्र की जाएगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे जनगणना कार्य के दौरान जनगणना अधिकारियों को सही और पूर्ण जानकारी प्रदान करें, ताकि जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सकें।

इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी गगन सिंह मीणा को श्योपुर के लिए, अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक मिश्रा को विजयपुर के लिए एवं अनुविभागीय अधिकारी बीएस श्रीवास्तव को कराहल के लिए अनुविभागीय जनगणना अधिकारी बनाया गया है। तहसील श्योपुर ग्रामीण क्षेत्र के लिए तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा, तहसील बडौदा ग्रामीण क्षेत्र के लिए तहसीलदार सुरेश राठौर, तहसील कराहल के लिए तहसीलदार सुश्री रोशनी शेख, तहसील विजयपुर ग्रामीण क्षेत्र के लिए तहसीलदार श्रीमती अमिता सिंह तोमर एवं तहसील वीरपुर के लिए तहसीलदार नरेश रायपुरिया को चार्ज जनगणना अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र श्योपुर के लिए सीएमओ श्योपुर राधेरमण यादव, नगरीय क्षेत्र बडौदा के लिए सीएमओ बडौदा ताराचंद धूलिया एवं नगरीय क्षेत्र विजयपुर के लिए सीएमओ विजयपुर प्रदीप कुमार शर्मा चार्ज जनगणना अधिकारी बनाये गये है।

वृत्त मानपुर के लिए नायब तहसीलदार मानपुर टीएस लकडा, वृत्त पाण्डोला के लिए नायब तहसीलदार सुरेश राठौर, वृत्त गोरस एवं पहेला के लिए नायब तहसीलदार नरेन्द्र जैन, वृत्त गसवानी के लिए नायब तहसीलदार दर्शनलाल बौद्ध, वृत्त अगरा के लिए नायब तहसीलदार श्रीमती रजनी बघेल, वृत्त प्रेमसर के लिए नायब तहसीलदार शैलेन्द्र देव सिंह सेंगर एवं वृत्त रघुनाथपुर के लिए नायब तहसीलदार कुलदीप बोहरे अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त किये गये है।

जनगणना 2027 के लिए अधिकारियों की नियुक्ति

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट तथा प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री वर्मा द्वारा जनगणना-2027 के लिए जनगणना अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा संपूर्ण जिले के लिए प्रमुख जनगणना अधिकारी रहेगे, जबकि अपर कलेक्टर सुश्री सौम्या आनंद जिला जनगणना अधिकारी बनाई गई है। जिला सांख्यिकी अधिकारी गिर्राज शर्मा को अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

अपर कलेक्टर ने किया जिला जेल का निरीक्षण

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 12 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा जिला जेल श्योपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सजायाफ्ता बंदियों एवं विचाराधीन बंदियों की बैरकों का निरीक्षण किया गया तथा बंदियों की बैरको में मोबाइल अथवा अन्य प्रतिबंधात्मक सामग्री न हो यह सुनिश्चित करने के लिये प्रभारी जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। जेल की पाकशाला में तैयार की जा रही भोजन सामग्री को भी देखा गया जो सामान्यतौर पर संतोषजनक पाई गई ।

इस अवसर पर जेल में मुलाकात के दौरान संधारित की जाने वाली प्रवेश पंजी का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया तथा प्रभारी जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जेल में अधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश दिया जायें तथा इस संबंध में जेल नियमावली का कड़ाई से पालन किया जावे।

जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि मुलाकात एवं टेलीफोन पर बात कराने के संबंध में जेल मैन्युअल का ही पालन कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान बंदियों के स्वास्थ्य के संबंध में जेल चिकित्सक से चर्चा की गयी तथा वर्तमान में किसी भी कैदी को विशेष बीमारी संबंधी शिकायत न होना पाया गया। जेल में कैदियों को सिलाई एवं मशरूम की खेती करना सिखाया जा रहा है। जेल के अंदर एवं बाहर साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक पायी गयी।

वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष शिविर आयोजित

श्योपुर, 12 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार आयुष विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग के तत्वाधान में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि प्रेरणा वृद्धाश्रम में आयुष चिकित्सा शिविर के प्रथम दिन आज 40 पुरुष एवं 23 महिला वरिष्ठ नागरिकों कुल 63 बुजुर्गो का आयुष पद्धति से स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया।

केन्द्रीय विद्यालय पहुंचे कलेक्टर, कलर पार्टी से अगवानी

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 12 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा का पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय पहुंचने पर स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं

विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में संविदा शिक्षको की भर्ती का निर्णय

की कलर पार्टी द्वारा आगवानी की गई तथा प्राचार्य पवन सिंह मीणा ने बुके भेंट कर स्वागत किया। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा आज पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय की प्रबंधन समिति की बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित केन्द्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए बाल वाटिका, पीजीटी, टीजीटी, प्राथमिक शिक्षक सहित अन्य पद संविदा के रूप में, वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से भरने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने विद्यालय परिसर में सौलर पैनल का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही बैठक के दौरान पेयजल हेतु एक आरओ यूनिट लगाने सहित विद्यालय के म्यूजिक डिपार्टमेंट हेतु एक लाख रूपये लागत के वाद्य यंत्र खरीदे जाने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही प्ले ग्रांउड में मिट्टी भरकर समतलीकरण कराने, पार्किंग शैड का एरिया बढाने तथा प्रायमरी बच्चों के लिए प्ले ग्रांउड जाने डायरेक्ट एप्रोच के लिए सीढीयो का निर्माण कराये जाने सहित 4 टेबिल एवं 4 अलमारी खरीदे जाने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा इस दौरान विद्यालय की जीव विज्ञान, रसायन एवं भौतिक विज्ञान प्रयोगशालाओं का अवलोकन भी किया गया तथा केन्द्रीय बोर्ड की 17 फरवरी से शुरू हो रही परीक्षाओं की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। प्राचार्य पवन सिंह मीणा ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में लगभग 943 बच्चे है और 44 शिक्षको का स्टॉफ है। बैठक में प्राचार्य पवन मीणा, सदस्यगण कैलाश पाराशर, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य केके कटियार, प्रतिक कुमार टुडेंलकर, श्रीमती श्रुति पाटले, प्रोफेसर डॉ श्रीनिवास शर्मा, डॉ रमेश भारद्वाज, ऋषिराज जागिड, मुनेश मीणा आदि उपस्थित थे।

महिला सशक्तिरकण में मीडिया की अहम भूमिका : डीएम

महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर : एसपी, मिशन शक्ति अंतर्गत मीडिया संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 12 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण एवं बाल अधिकारों के संरक्षण में मीडिया की अहम भूमिका है। महिला अधिकारो के लिए शासन द्वारा कानून बनाकर संरक्षण प्रदान किया गया है। इसी प्रकार बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए भी कानूनी प्रावधान किये गये है। वे आज होटल राधिका पैलेस में मिशन शक्ति अंतर्गत मीडिया संवेदीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री रूपेश उपाध्याय, एएसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता, सहायक संचालक महिला बाल विकास रिशु सुमन सहित विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई प्रकार से पहल की जा रही है। कानूनी प्रावधानों के तहत उन्हें संरक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा एनआरएलएम अंतर्गत समूहो के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक उत्थान हेतु कार्य किये जा रहे है। व्यवसाय एवं आजीविका के क्षेत्र में स्वावलम्बी बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कराहल पंचायत को महिला हितैषी पंचायत के रूप में चिन्हित किया गया है तथा महिलाओं के अधिकारों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उनकी भूमिका सुनिश्चित करने के प्रयास शासन की मंशा के अनुरूप किये जा रहे है।

पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। महिलाओं से संबंधित मामलों में तुरंत कार्यवाही के लिए महिला थाना संचालित है और महिला हेल्पडैस्क भी बनाई गई है। इसके साथ ही सुरक्षा एवं जागरूकता के उद्देश्य से मै भी अभिमन्यु जैसे अभियान समय-समय पर चलाये जा रहे है।

छात्राओं के लिए आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण किए जा रहे आयोजित

कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा भी उद्बोधन दिया गया तथा जिले में संचालित पर्यटन गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर सहायक संचालक रिशु सुमन द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि विभिन्न विद्यालयों में छात्राओं के लिए आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण आयोजित किये जा रहे है तथा बालिका शिक्षा को बढावा देने के लिए कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर पत्रकार बंधुओं को जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद श्योपुर द्वारा प्रकाशित वर्ष 2026 का पुरातत्व, पर्यटन पर आधारित आकर्षक कैलेण्डर भेंट किये गये, कैलेण्डर के प्रत्येक पृष्ठ पर जिले के एतिहासिक दुर्ग, प्राकृतिक स्थल डोब कुण्ड, देव-खो, वनो के नेसर्गिक सौन्दर्य एवं कूनो नेशनल पार्क स्थित वन्यजीवों के फोटो प्रदर्शित किये गये है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार रिशु सुमन द्वारा व्यक्त किया गया।

सीईओ जिला पंचायत ने किया पंचायतों का भ्रमण

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 12 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा आज रघुनाथपुर, श्यामपुर, खितरपाल एवँ कीजरी पंचायतों का भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं में संचालित कार्यो का अवलोकन किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत के प्रभारी सीईआ राकेश शर्मा, पीओ मनरेगा विक्रम जाट,

गौशालाओं, निर्माणाधीन कार्यों, स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया

पीओ वाटरशेड पीएस राजपूत एवं डीपीएम आरजीएसए उदय धाकड आदि उपस्थित रहे।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा रघुनाथपुर में देवनारायण स्व सहायता समूह द्वारा संचालित गौशाला में लगभग 100 पशु उपलब्ध पाए गए। निरीक्षण के दौरान पशुओं के नियमित टीकाकरण, गौशाला परिसर में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, बाउंड्री वॉल निर्माण तथा लगभग 7 बीघा भूमि के सीमांकन कराने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया। साथ ही अन्य स्व सहायता समूहों द्वारा

संचालित गौशालाओं का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें लगभग 40 पशु उपलब्ध पाए गए। इसके अतिरिक्त पशुओं से प्राप्त गोबर का वैज्ञानिक उपयोग सुनिश्चित करने हेतु नाडेप शेड निर्माण कर वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार करने के संबंध में भी संबंधित स्व सहायता समूहों को निर्देशित किया गया।

ग्राम पंचायत श्यामपुर में संचालित गौशालाओं का निरीक्षण के दौरान शशि स्व सहायता समूह द्वारा संचालित गौशाला में पशुओं की संख्या कम पाये जाने पर पर्याप्त संख्या में गौवंश रखे जाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान मनरेगा योजना अंतर्गत निर्माणाधीन सेग्रीगेशन शेड का निरीक्षण किया गया तथा पशुओं से प्राप्त गोबर से नाडेप शेड निर्माण कर वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार करने के संबंध में संबंधित स्व सहायता समूह को निर्देशित किया गया। पंचायत भवन में निर्माणाधीन पीएलसी सेंटर भवन का अवलोकन किया गया तथा पीएलसी सेंटर का निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वीकृत राशि को नियमानुसार वापस करने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया।

ग्राम पंचायत श्यामपुर के बाजार क्षेत्र में संबंधितों को 02 दिवस के भीतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कर वसूली एवं स्वच्छता कर की नियमित वसूली सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया गया। पंचायत भवन में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित पाई गई। कुल दर्ज 117 बच्चों से 20 बच्चें उपस्थित पाये गये, इस पर उपस्थिति बढाये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

ग्राम पंचायत खितरपाल में प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला में कुल नामांकित 127 विद्यार्थियों में से 23 विद्यार्थी एवं माध्यमिक शाला में कुल नामांकित 132 विद्यार्थियों में से 13 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के प्रभारी को विद्यार्थियों की उपस्थिति बढाये जाने के निर्देश दिये गये, साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदाय किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बालक-बालिका शौचालयों में साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाये जाने पर विद्यालय को प्राप्त 20 हजार रूपये की मरम्मत राशि से संबंधित देयक उपलब्ध नही मिले, इस संबंध में जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

खितरपाल में मुक्तिधाम के समीप निर्मित रपटे का निरीक्षण किया गया। पाचवें वित्त आयोग मद से निर्मित रपटे के निरीक्षण में पाया गया कि बिना तकनीकी मूल्यांकन एवं सक्षम स्वीकृति के लगभग 5 लाख रूपये की राशि आहरित की गई है। मौके पर उक्त निर्माण का कोई वास्तविक उपयोग परिलक्षित नहीं हुआ तथा कार्य भी स्वीकृत राशि के अनुरूप नहीं पाया गया। साथ ही मुक्तिधाम में कराए गए कार्यों की गुणवत्ता भी असंतोषजनक पाई गई। इस संबंध में जांच के निर्देश दिये गये।

निर्माणाधीन परकोलेशन टैंक का निरीक्षण किया

इसी प्रकार मनरेगा योजना अंतर्गत निर्माणाधीन परकोलेशन टैंक का निरीक्षण किया गया, जिसमें स्थल चयन अनुपयुक्त पाया गया। मौके पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं पाई गई। इसी प्रकार फार्म पोंड के निरीक्षण में भी स्थिति संतोषजनक नही मिली। ग्राम पंचायत किंजरी की गौशाला का अवलोकन के दौरान 60 गौवंश उपलब्ध मिला। गौशाला की साफ-सफाई के संबंध में निर्देश दिये गये।

खनिज के अवैध परिवहन पर दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

श्योपुर, 12 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही

करते हुए खनिज का अवैध परिवहन कर रहे दो ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया है। प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा राजेश कुमार गंगेले ने बताया कि श्योपुर शहर में अवैध परिवहन की जांच के दौरान अवैध रूप से खनिज ले जा रहे दो ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त कर पुलिस थाना देहात की अभिरक्षा में दिये गये है। इस मामले में प्रकरण पंजीबद्ध कर कलेक्टर न्यायालय को प्रस्तुत किये जा रहे है। उन्होने बताया कि वर्ष 2025-26 में श्योपुर जिले में अवैध उत्खनन परिवहन व भण्डारण के कुल 56 प्रकरण दर्ज कर 50 लाख रूपये से अधिक की अर्थदण्ड की वसूली की गई है।

जनपद विजयपुर में समीक्षा बैठक आयोजित

श्योपुर, 12 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने विजयपुर जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित बैठक में निर्देश दिये कि पंचायतों में जन समुदाय के उपयोगी कार्य किये जाये तथा नलजल योजनाओं का संचालन एवं संधारण बेहतर तरीके से किया जायें। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा बैठक के दौरान च्एक बगिया माँ के नामज्ज परियोजना की पंचायतवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान भुगतान, मजदूरी में प्रगति, सक्रिय श्रमिकों की ई-केवाईसी तथा अपूर्ण कार्यों को अभियानात्मक रूप से पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।

भारतीय खाद्य निगम
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: gmmp.fci@gov.in

क्र. RO MP-27011/22/2025 Sales-RO MP दिनांक: 12.02.2026

प्रेस विज्ञप्ति नोटिस

भारत सरकार के निर्देशानुसार भारतीय खाद्य निगम द्वारा 2025-26 के दौरान खुला बाज़ार बिक्री योजना (घरेलू) के अंतर्गत टूटे हुए चवल को ई-नीलामी के माध्यम से पंजाब, हरियाणा एवं आंध्र प्रदेश में बेचा जा रहा है। इस संबंध में सूचित किया जाता है कि किसी भी राज्य या क्षेत्र का कोई भी बोलीदाता पंजाब, हरियाणा और आंध्र प्रदेश में आयोजित होने वाली ई-नीलज्ञमी में भाग लेकर टूटे चावल की खरीद कर सकता है।

उत्तर मध्य रेलवे

No. JHS/W/DO/misc/LC-434(T) दिनांक : 12.02.2026

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्वालियर-धौलपुर रेल मार्ग पर रायरू यार्ड में स्थित रेलवे फाटक क्र. 434 (T) रेलवे किमी. Km 1238/8-10, 7-9 को अनुरक्षण कार्य हेतु दिनांक **07.02.2026 से 14.02.2026** तक सड़क यातायात के लिए तक अस्थायी तौर पर बंद किया गया है। परन्तु अनुरक्षण कार्य पूर्ण न होने के कारण उक्त गेट को दिनांक **15.02.2026** से **17.02.2026** तक अस्थायी तौर पर बंद रखा जाना आवश्यक है। इस दौरान वैकल्पिक मार्ग के रूप में आने जाने हेतु फाटक नं. 434 बरऊआ गांव से लगभग 2.0 km दूर डायवर्ट कर रायरू हाइवे बायपास रेलवे किमी 1240/4-6 का उपयोग किया जा सकता है।

326/26 (MG)

वरिष्ठ मंडल अभियंता/उत्तर
उत्तर मध्य रेल, झांसी

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in